उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ हो अध्यापन कार्य पर फोकस

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में आयोजित लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न हो गया है। स्थापित एकेडमिक स्टाफ डेवलपमेंट सेन्टर के तत्वावधान में तीन दिवसीय कार्यक्रम में विवि के परिसरों व संबद्ध संस्थानों के निदेशकों ने हिस्सा लिया।

लीडरशिप प्रोग्राम के प्रत्येक दिन पांच-पांच सत्र आयोजित कर उच्च शिक्षण संस्थानों में स्ट्रैटिजिक विजन व प्लानिंग, क्राइसिस मैनेजमेंट, पर्सनल डेवलपमेंट, उच्च शैक्षणिक नेतृत्व की भिन्नता, जटिलता, प्रौद्योगिकी और तकनीकी उद्यमिता, उच्च प्रभावी प्रबन्धन, नवाचार व अनुसंधान, शौक्षणिक संस्थानों में मूल्यांकन, सतत सुधार, वित्त प्रबन्धन जैसे अनेक मुद्दों पर विशेषज्ञों ने विचार रखे।

समापन सत्र में वक्ताओं ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों द्वारा लीडरशिप के सुझाव सराहनीय कार्य किया है। कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने शिक्षकों, निदेशकों से विवि द्वारा संचालित कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ अध्यापन कार्य पर मुख्य फोकस होना चाहिए।

■ यूटीयू में तीन दिवसीय लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न

तीन दिवसीय कार्यक्रम मे उप निदेशक आईआईटी कानपुर प्रो. कृपा शंकर, पूर्व आईएएस संजीव चोपड़ा, दून विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर डा.राजेश भट्ट, प्रो.पीआर अग्रवाल, पूर्व कुलपति प्रो.केपी सिंह, अरविन्द दीक्षित, डा.ललित अवस्थी, प्रो.एके खरे, संजीव मित्तल, यूटीयू के वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल आदि मौजूद थे।

वहीं विवि परिसर में महिला प्रौद्योगिकी संस्थान में युनिवर्सल ह्यूमन वेल्यूज विषय पर कार्यक्रम आयोजिन किया गया, जिसमें इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट क्षेत्र के 64 शिक्षकों ने भाग लिया।